# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2900 / M-48 / 125 दिनांक 03/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,(ग्रामीण)
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः – <u>**दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 1.09.2026 को प्रकाशित खबर " जल जीवन मिशन सड़क खुदाई बनी मुसीबतः रुद्रपुर–पहाड़ापुर लिंक रोड पर जलभराव, राहगीर हो रहे चोटिल"के संबंध में।**</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 01.09.2026 को प्रकाशित खबर जल जीवन मिशन सड़क खुदाई बनी मुसीबतः रुद्रपुर–पहाड़ापुर लिंक रोड पर जलभराव, राहगीर हो रहे चोटिल" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। अवशेष–1553 राजस्व ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत–904 पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु एजेन्सी मेसर्स एन०सी०सी० लि० एवं मेसर्स वी०टी०एल०–गाजा (जे०वी०) को सूचीबद्ध किया गया है, जिसके अन्तर्गत नलकूप–942 नग, पम्प हाउस–942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी०, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी०, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–547097 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1127 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 01.09.2026 को प्रकाशित खबर जल जीवन मिशन सड़क खुदाई बनी मुसीबतः रुद्रपुर–पहाड़ापुर लिंक रोड पर जलभराव, राहगीर हो रहे चोटिल" के संबंध में सादर अवगत कराना है कि खबर का संज्ञान लेकर जूनियर इंजीनियर श्री धनन्जय सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गयी सड़क (खड़ंजा) पूर्व में मरम्मत करवा दी गयी थी। परन्तु वर्तमान में जल भराव व घरो का पानी सड़क पर ही निकलने के कारण कीचड़ की स्थिति बनी हुई है।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित ।**



भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
3. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता

F:\jo dhananjay sing pepar cutting\mushibat pur.docx

Scanned with OKEN Scanner